AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# दायरा तोड़कर बाहर निकलें, तलाशें अवसर

लखनऊ विवि में अदाणी फाउंडेशन के सीईओ अभिषेक लखटकिया ने छात्र-छात्राओं को दिए सफलता में मंत्र | लविवि में कॉन्क्लेव : इनवेस्ट यूपी के सीईओ ने कहा- अब नौकरी में अवसर 16 गुना अधिक

लखनऊ विश्वविद्यालय में शुक्रवार को मालवीय सभागार में आयोजित कॉन्क्लेव के दौरान बोलते अदाणी फाउंडेशन के सीईओ अभिषेक लखटकिया व इस दौरान मौजूद लोग। अमर उजाला

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। अवसर बहुत हैं, योग्य युवाओं की तलाश भी है, पर उन तक पहुंचने की कोशिश बहुत कम हो रही है। इसी अंतर को पाटने की कोशिश की लखनऊ विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को मालवीय सभागार में आयोजित कॉन्क्लेव के जरिये। इसका विषय था कॅरिअर चांइस अनवेल्ड : नॅविगेटिंग न्यू होराइजन फॉर सक्सेस।

उद्घाटन सत्र के मुख्य वक्ता थे अदाणी फाउंडेशन के सीईओ अभिषेक लखटकिया। कॉन्क्लेव में मुख्य अतिथि इनवेस्ट यूपी के सीईओ अभिषेक प्रकाश ने कानून व्यवस्था, सुरक्षा बनाए रखना और निवेश के अवसर निर्मित करने की जरूरी बताया। बोले कि अब नौकरी में अवसर 16 गुना अधिक हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी व निजी तंत्र दोनों को योग्य युवाओं की तलाश है। स्टार्टअप एक बेहतर विकल्प बन चुका है। एआई के क्षेत्र में संभावनाओं के लिए हमें खुद को तैयार करना होगा। उन्होंने कहा कि इन्वेस्ट यूपी और कम्युनिटी वेबसाइट पर वक्त दें, अवसर किस-किस तरह के हैं, यह आपको कॅरिअर की दिशा तय करने में मदद करेंगे।

## इन्वेस्ट यूपी और कम्युनिटी वेबसाइट पर वक्त दें

लखनऊ विश्वविद्यालय के एल्युमिनाई अभिषेक ने अपने 25 वर्षों के कॅरिअर की सफल यात्राओं से शुरुआत की। कहा कि यदि मैं एक दायरे में सीमित रहा होता तो यहां तक नहीं पहुंचता। हमें कंफर्ट जोन से बाहर आना होगा। भारत ही नहीं, पूरा विश्व अपना है, बाहर निकलिए, उसके बाद जो हासिल होगा, वो आपको एक अलग पहचान देगा। जहां आज मैं हूं, वहां कल आप होंगे। उन्होंने नसीहत दी कि कुआं चलकर नहीं आएगा, उसके पास आपको जाना होगा। उन्होंने कहा कि युवा वका (वीयूसीए) की दुनिया में हैं। इस अस्थिरता, अनिश्चितता, जटिलता और अस्पष्टता को जीतना होगा। भावनाओं पर नियंत्रण रखें, रिश्ते मजबूत करें।

### इन विशेषज्ञों की सलाह भी बड़े काम की

कौशल विकास के लिए अॅस्पिराइन कार्यक्रमों को समझें, साथ ही अपने हुनर को बढ़ाते जरूर रहें। - **शालिनी, डेटा विश्लेषक, यूएस इंडिया, डेलॉइट**

अगर अतिथि का सत्कार पसंद है तो होटल प्रबंधन क्षेत्र में संभावनाएं हैं, कॅरिअर करें। - **कनिका सहाय, मैनेजर एचआर, हयात होटल**

लड़कियों को हर मोर्चे पर आगे लाएं। - **मोहित पाठक, एजुकेट गर्ल संस्था**

नजरियां बदलें, खुल कर खेलें, अवसर हमारे यहां ही बहुत हैं। - **अंबिका तिवारी, गुणवत्ता विश्लेषक, अमेजान, लखनऊ।**

■ **आयोजन में इनकी भी रही भागीदारी...** आयोजन हैप्पी थिंकिंग लेबॉरेटरी व काउंसलिंग एंड गाइडेंस सेल की ओर से किया गया। डॉ. एम प्रियदर्शिनी, डॉ. वैशाली सक्सेना, डॉ. अनूप भाटिया, डॉ. केया पांडेय, प्रति कुलपति प्रो. अरविंद अवस्थी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## लविवि : एमए, पीजी डिप्लोमा व बीटेक की सेमेस्टर परीक्षाओं के परिणाम जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के एमए, पीजी डिप्लोमा व बीटेक विषय की सेमेस्टर परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है। परीक्षा नियंत्रक के मुताबिक, एमए भाषा विज्ञान, अर्थशास्त्र, आपदा राहत एवं पुनर्वास और बीटेक अभियंत्रण, कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग, विद्युत अभियंत्रण, मैकेनिक इंजीनियरिंग व इलेक्ट्रानिक्स और संचार इंजीनियरिंग कोर्स का परिणाम जारी किया गया। विद्यार्थी विवि की वेबसाइट के जरिये परीक्षा परिणाम देख सकेंगे। (संवाद)

## मृतक आश्रितों को मिले नियुक्ति पत्र

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में मृतक आश्रित रूप के नौकरी पाने वाले 11 कर्मचारियों को शुक्रवार को नियुक्ति पत्र दिए गए। इनमें से नौ कर्मचारियों को कनिष्ठ लिपिक तथा दो की नियुक्ति परिचर के रूप में हुई है। (माई सिटी रिपोर्टर)

NBT PAGE 4

# 'नौकरी के अवसर 16 गुना बढ़े'

■ **एनबीटी सं., लखनऊ :** यूपी परिवर्तन की प्रक्रिया में है, जहां पिछले कुछ वर्षों में नौकरी के अवसर 16 गुना बढ़े हैं। तकनीक, मीडिया, कृषि उद्योग, वास्तुकला, रियल एस्टेट, आतिथ्य, सुपर फील्ड जैसे विविध क्षेत्रों में स्टूडेंट्स के पास नौकरी के भरपूर अवसर हैं। सवाल यह है कि उन्हें कैसे हासिल किया जाए? ये बातें इन्वेस्ट यूपी के सीईओ अभिषेक प्रकाश ने शुक्रवार को एलयू में काउंसलिंग व गाइडेंस सेल और हैप्पी थिंकिंग लेबोरेटरी के सहयोग से आयोजित एचआर कॉन्क्लेव-2024 के मौके पर कहीं। उन्होंने यह भी कि सरकार यूपी में स्टार्ट अप के लिए बहुत जोर दे रही है। हमें एआई को सकारात्मक तरीके से लेना होगा।

एलयू में एचआर कॉन्क्लेव-2024

अडानी फाउंडेशन के सीईओ डॉ. अभिषेक लखटकिया ने संज्ञानात्मक कौशल के महत्व पर प्रकाश डाला। यूएस इंडिया, डेलॉइट की डेटा विश्लेषक शालिनी ने ट्रेंडिंग करियर विकल्पों, कौशल विकास के लिए विभिन्न आभासी कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर प्रति कुलपति प्रो. अरविंद अवस्थी, हयात होटल की कनिका सहाय, अमेजन के गुणवत्ता विश्लेषक अंबिका तिवारी, एलयू की डॉ. वैशाली सक्सेना, डॉ. अनूप के भाटिया, डॉ. केया पांडेय, प्रो. मधुरिमा प्रधान, डॉ.अमृता श्रीवास्तव, डॉ. अनुपम त्रिपाठी, डॉ. रवि पांडेय, डॉ. अर्पणा गोडबोले समेत अन्य मौजूद थे।

# LU में नए अध्यादेश से चलेंगी कक्षाएं

31 मार्च तक बोर्ड ऑफ स्टडीज और फैकल्टी बोर्ड से पास कराना अनिवार्य

यूजीसी के नए फ्रेमवर्क के तहत नया अध्यादेश तैयार

■ **एनबीटी संवाददाता, लखनऊ**

लखनऊ विवि (एलयू) में नए सत्र से यूजी-पीजी और पीएचडी की कक्षाएं संशोधित अध्यादेश के अनुसार चलेंगी। इसके लिए यूजीसी के नए फ्रेमवर्क के तहत यूजी और पीएचडी का नया अध्यादेश तैयार कर लिया गया है। पीजी के एक व दो वर्षीय प्रोग्राम तैयार करने के लिए अध्यादेश बनाने की प्रक्रिया जारी है।

एलयू में अब शैक्षिक सत्र 2024-25 से स्नातक, परास्नातक स्तर के सभी पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने वाले स्टूडेंट्स को संशोधित अध्यादेश के अनुसार पढ़ाया जाएगा। पीएचडी में प्रवेश पाने वाले शोधार्थी भी नए अध्यादेश के जरिए ही अपना कोर्स वर्क करेंगे। इस संबंध में अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. गीतांजलि मिश्रा ने रजिस्ट्रार डॉ. विनोद सिंह को पत्र लिख कर जानकारी दे दी है। पत्र में रजिस्ट्रार से 31 मार्च तक सभी विभागाध्यक्षों, समन्वयकों और निदेशकों से पाठ्यक्रम को दोबारा बनाने की बात कही गई है। 31 मार्च तक पाठ्यक्रमों में बदलाव कर बोर्ड ऑफ स्टडीज और फैकल्टी बोर्ड से पास कराना अनिवार्य होगा।

### यूजीसी के नए फ्रेमवर्क के साथ सामंजस्य स्थापित करने के लिए जरूरी...

NBT Lens समझिए खबरों के अंदर की बात

स्नातक अध्यादेश के तहत अब प्रति सेमेस्टर क्रेडिट्स की संख्या 24 से घटाकर 20 कर दी गई है। वहीं 15 मार्च तक परास्नातक के एक वर्षीय प्रोग्राम का संशोधित अध्यादेश तैयार करने की प्रक्रिया चल रही है। अध्यादेश तैयार होने के बाद इसे मंजूरी के लिए राजभवन भेजा जाएगा। यूजीसी नियमों के नए फ्रेमवर्क के साथ सामंजस्य स्थापित करने के लिए पाठ्यक्रम को दोबारा तैयार किया जाना जरूरी है। ऐसा न करने पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अन्य हायर एजुकेशन संस्थानों के साथ सामंजस्य स्थापित करने में दिक्कत होगी।

### प्री-पीएचडी कोर्स वर्क में अब तीन पेपर

प्री-पीएचडी कोर्स वर्क के पाठ्यक्रम में मौजूदा समय में 2 कोर्स और 8 क्रेडिट हैं। संशोधित पीएचडी अध्यादेश के तहत अब 3 कोर्स और 12 क्रेडिट करने का प्रावधान रखा गया है। 3 पेपरों में 2 अनिवार्य और एक वैकल्पिक होगा। पहला पेपर 2 क्रेडिट का शोध व प्रकाशन नैतिकता का, दूसरा 5 क्रेडिट का शोध पद्धति का व तीसरा पेपर भी 5 क्रेडिट का विशिष्ट शाखा में नवाचारी शोध दृष्टिकोणों पर होगा।

HINDUSTAN PAGE 8

# नए अध्यादेश से चलेंगी यूजी पीजी व पीएचडी की कक्षाएं

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में आगामी सत्र से संशोधित अध्यादेश के आधार पर स्नातक, परास्नातक और पीएचडी की कक्षाएं संचालित की जाएंगी। इसके मद्देनजर यूजीसी के नए फ्रेमवर्क के तहत स्नातक और पीएचडी का नया अध्यादेश तैयार कर लिया गया है। जबकि परास्नातक एक व दो वर्षीय अध्यादेश बनाने की प्रक्रिया जारी है।

एलयू में अब शैक्षिक सत्र 2024-25 से स्नातक, परास्नातक स्तर के सभी पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने वाले छात्रों को संशोधित अध्यादेश के हिसाब से पढ़ाया जाएगा। इसी तरह पीएचडी में प्रवेश पाने वाले शोधार्थी भी नए अध्यादेश के जरिए ही अपना कोर्स वर्क करेंगे। इस संबंध में अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. गीतांजलि मिश्रा ने कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह को पत्र लिख कर जानकारी दे दी है। पत्र में कुलसचिव से 31 मार्च तक सभी विभागाध्यक्षों, समन्वयकों और निदेशकों से पाठ्यक्रम को दोबारा गठित करने की बात लिखी गई है। जिससे नव प्रवेशित विद्यार्थियों को किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े। अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. गीतांजलि मिश्रा ने कहा कि 31 मार्च तक पाठ्यक्रमों में बदलाव कर बोर्ड ऑफ स्टडीज और फैकल्टी बोर्ड से पास कराना अनिवार्य होगा।

**15 मार्च तक पीजी अध्यादेश :** अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. गीतांजलि मिश्रा ने उम्मीद जताई है कि 15 मार्च तक परास्नातक एक वर्षीय का संशोधित अध्यादेश तैयार हो जाएगा। मंजूरी के लिए राजभवन भेजा जाएगा।

**प्री-पीएचडी कोर्सवर्क में तीन पेपर :** प्री-पीएचडी कोर्सवर्क के पाठ्यक्रम में अभी दो कोर्स और आठ क्रेडिट हैं। संशोधित अध्यादेश के तहत अब तीन कोर्स और 12 क्रेडिट का प्रावधान है।

**31** मार्च तक बोर्ड ऑफ स्टडीज और फैकल्टी से पास कराना होगा

### यूजी में प्रति सेमेस्टर अब 20 क्रेडिट्स

स्नातक अध्यादेश के तहत अब प्रति सेमेस्टर क्रेडिट्स को 24 से 20 कर दिया गया है। डीन प्रो. गीतांजलि ने कहा कि यूजीसी नियमों के नए फ्रेमवर्क के साथ सामंजस्य स्थापित करने के लिए पाठ्यक्रम को दोबारा तैयार किया जाना जरूरी है।

JAGRAN CITY PAGE III

# 'दुनिया संग चलने के लिए कौशल विकास जरूरी'

एचआर कान्क्लेव में अडानी फाउंडेशन के सीईओ डा. अभिषेक लखटकिया ने रखे विचार

जासं, लखनऊ : ' वर्तमान में कार्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी बदल रही है। हमें इस बदलाव को अपनाने, दुनिया के साथ चलने के लिए कौशल और एक क्रास फंक्शनल टीम विकसित करनी होगी। हतोत्साहित बिलकुल महसूस न करें। स्वयं में लचीलापन विकसित करें। भावनात्मक बुद्धिमत्ता को विकसित कर रिश्ते प्रबल करें।' यह विचार अडानी फाउंडेशन के सीईओ डा. अभिषेक लखटकिया ने रखे। यह शुक्रवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के काउंसिलिंग व गाइडेंस सेल एवं हैप्पी थिंकिंग लेबोरेटरी के सहयोग से मालवीय सभागार में आयोजित एचआर कांक्लेव में बतौर मुख्य वक्ता रखे।

कार्यक्रम की शुरुआत लविवि के प्रति कुलपति प्रोफेसर अरविंद अवस्थी ने की। इन्वेस्ट यूपी के सीईओ अभिषेक प्रकाश ने बताया कि तकनीक, मीडिया, कृषि उद्योग, वास्तुकला, रियल स्टेट, आतिथ्य, सुपर फील्ड जैसे विविध क्षेत्रों में नौकरी के अनेक अवसर हैं। सबसे महत्वपूर्ण कौशल सेट विकसित कर उसे हासिल करना है। उन्होंने बताया कि यूपी में कई पंजीकृत स्टार्ट अप और उद्यमशीलता कार्य हैं, जिनके लिए अवसरों की तलाश करनी होगी। एआई को भी सकारात्मक तरीके से लेना होगा।

लविवि के मालवीय सभागार में हुए एचआर कांक्लेव का उद्घाटन करते प्रति कुलपति प्रो. अरविंद अवस्थी व अन्य अतिथि ● सौजन्य से लविवि

### रोजगार के अवसर बढ़ रहे

प्रति कुलपति प्रोफेसर अरविंद अवस्थी ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि रोजगार के नए अवसरों में वृद्धि हो रही है। मदद करने वाले पेशे बढ़ रहे हैं लेकिन ये असुरक्षित रोजगार हैं। निवेश और कमजोर रोजगार में वृद्धि के बीच इस बेमेल को कम किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय संगठनों के एचआर विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा किए। इस मौके पर हैप्पी थिंकिंग लैब की निदेशक डा. एम. प्रियदर्शिनी, काउंसिलिंग एंड गाइडेंस सेल की निदेशक डा. वैशाली सक्सेना ने भी विचार रखे।

### बीटेक सहित नौ कोर्सों के परिणाम जारी

लखनऊ : लविवि ने शुक्रवार को नौ कोर्सों के परिणाम जारी किए। इनमें एम.ए विथिन्टिएवा छात्रे, तीसरे सेमेस्टर, एम.ए इकोनॉमिक्स, पीजी डिप्लोमा डिजास्टर रिलीफ एंड रिहैबिलिटेशन छात्रे, बी.टेक सिविल इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग व इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग छात्रों सेमेस्टर के परिणाम घोषित है। (जासं)

### तैयार हो रहा भव्य द्वार

लखनऊ : लविवि के पुराने परिसर की तर्ज पर जानकीपुरम स्थित द्वितीय परिसर में भी भव्य द्वार बन रहा है। शुक्रवार को कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने यहां निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माणाधीन फार्मेसी के भवन को भी देखा। अधिकारियों को आश्यकता निर्देश दिए। (जासं)

### 150 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट

लखनऊ : लविवि के सेंट्रल प्लेसमेंट सेल की ओर से कामर्स संकाय में जाब फेयर का आयोजन किया गया। सेल की निदेशक डा. मधुरिमा लाल ने बताया कि ब्रिटिश स्कूल आफ लेंग्वेज सहित पांच कंपनियों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। शाम तक 150 छात्रों के प्लेसमेंट हो गए। (जासं)

## 11 लोगों को मृतक आश्रित कोटे में मिली नियुक्ति

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के 11 दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को शुक्रवार को नियुक्ति दी गई। इसमें नौ को कनिष्ठ सहायक व दो कर्मचारियों को परिचर के पद पर नियुक्त किया गया। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सभी को नियुक्ति पत्र दिया।

कनिष्ठ सहायक के पद पर नमन, कपिल कुमार सिंह, रूबी अनामा राव, सौरभ कुमार, अक्षत शर्मा, समीर अहमद, नैना कुमारी, मंजू राजपूत, दीपिका श्रीवास्तव तथा नीलू व हर्ष बार्ल्मीकि को परिचर के पद पर नौकरी मिली। इस अवसर पर कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह, चीफ प्राक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी भी उपस्थित रहे।

## एक्सट्रावेगैंजा 2.0 में दिखा स्टूडेंट्स का हुनर

■ **एनबीटी सं., लखनऊः** एलयू के आईएमएस ने शुक्रवार को न्यू कैंपस में 'कल्चरल एक्सट्रावेगैंजा 2.0' आयोजित किया। इस दौरान स्टूडेंट्स ने पारंपरिक नृत्य, गीत, संगीत और कई नाटक प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में प्रबंधन, इंजीनियरिंग, कानून, फार्मेसी, योग के स्टूडेंट्स ने भाग लिया। मौके पर वीसी प्रो. आलोक कुमार राय, आईएमएस की ओएसडी प्रो. विनीता कावर, प्रो. संगीता साहू, प्रो.अनूप सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

## 400 से ज्यादा छात्राओं को जॉब ऑफर

■ **एनबीटी सं., लखनऊः** एलयू के आईएमएस ने शुक्रवार को न्यू कैंपस में 'कल्चरल एक्सट्रावेगैंजा 2.0' आयोजित किया। इस दौरान स्टूडेंट्स ने पारंपरिक नृत्य, गीत, संगीत और कई नाटक प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में प्रबंधन, इंजीनियरिंग, कानून, फार्मेसी, योग के स्टूडेंट्स ने भाग लिया। मौके पर वीसी प्रो. आलोक कुमार राय, आईएमएस की ओएसडी प्रो. विनीता कावर, प्रो. संगीता साहू, प्रो.अनूप सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

## 11 और 12 को तय होंगे शोध पर्यवेक्षक

■ **एनबीटी सं., लखनऊः** एलयू के शारीरिक शिक्षा विभाग में पीएचडी कोर्स वर्क परीक्षा का रिजल्ट घोषित कर दिया गया है। इसके बाद शोधार्थियों को शोध पर्यवेक्षक नियुक्त किया जाना है। इसके लिए 11 व 12 मार्च की तारीख घोषित कर दी गई है। विभागाध्यक्ष प्रो. रूपेश कुमार ने बताया कि 11 मार्च को रोल नंबर 1 से 24 और 12 को रोल नंबर 25 से 48 तक के शोधार्थियों को बुलाया गया है।

## दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को मिली नौकरी

■ **एनबीटी सं., लखनऊः** एलयू के मंथन कक्ष में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने 11 दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को नियुक्ति पत्र सौंपा। इसमें नौ कनिष्ठ सहायक और दो परिचर शामिल हैं। कनिष्ठ सहायकों में नमन पाठक, कपिल सिंह, रूबी अनामा, सौरभ कुमार, अक्षत शर्मा समेत कई अन्य नाम शामिल हैं। इस मौके पर रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह, और चीफ प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी मौजूद रहे।

## शारीरिक शिक्षा विभाग में पर्यवेक्षक नियुक्त होगा

लखनऊ। एलयू के शारीरिक शिक्षा विभाग में पीएचडी कोर्स वर्क परीक्षा का रिजल्ट घोषित कर दिया गया है। इसके बाद शोधार्थियों को शोध पर्यवेक्षक नियुक्त किया जाना है। इसके लिए 11 व 12 मार्च की तारीख घोषित कर दी गई है। विभागाध्यक्ष प्रो. रूपेश कुमार ने बताया कि 11 को रोल नं. एक से 24 और 12 को रोल नंबर 25 से 48 तक के शोधार्थियों को बुलाया गया है।

# यूपी में बदलाव की प्रक्रिया जारी, नौकरी के मौके 16 गुना बढ़े

एचआर कॉन्क्लेव

■ लखनऊ विश्वविद्यालय में एचआर कॉन्क्लेव 2024 का आयोजन
■ नौकरी के अवसर, कौशल और कार्यक्षमता पर हुआ गहन मंथन

**लखनऊ, कार्यालय संवाददाता।** एलयू के काउंसलिंग व गाइडेंस सेल एवं हैप्पी थिंकिंग लेबोरेटरी के सहयोग से शुक्रवार को एचआर कॉन्क्लेव 2024 का आयोजन किया गया। कॉन्क्लेव में छात्र-छात्राओं को रोजगार की नई उभरती सम्भावनाओं से अवगत कराया गया। विभिन्न मुद्दों जैसे नेविगेटिंग एचआर हॉराइजन, सही नेतृत्व, सहयोगात्मक शिक्षण, मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली के नवीनीकरण, सांस्कृतिक समावेश एवं शिक्षण तंत्र के सशक्त तालमेल को भी उजागर किया गया।

अडानी फाउंडेशन के सीईओ डॉ अभिषेक लखटकिया ने जुनून के साथ अपने जीवन के उद्देश्य की खोज की अपनी यात्रा को साझा किया। विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रोफेसर अरविंद अवस्थी ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि रोजगार के नए अवसरों में वृद्धि हो रही है। मदद करने वाले पेशे बढ़ रहे हैं लेकिन ये असुरक्षित रोजगार हैं। निवेश और कमजोर रोजगार में वृद्धि के बीच इसे कम किया जाना चाहिए। नौकरी के अवसरों के लिए कौशल सेट को बढ़ाया जाना चाहिए जिस पर एनईपी 2020 में जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अब यूपी परिवर्तन की प्रक्रिया में है। जहां पिछले कुछ वर्षों में नौकरी के अवसर 16 गुना अधिक हैं।

उन्होंने कहा कि तकनीक, मीडिया, कृषि उद्योग, वास्तुकला, रियल एस्टेट, आतिथ्य, सुपर फील्ड जैसे विविध क्षेत्रों में नौकरी के अनेक अवसर हैं। हर क्षेत्र में छात्रों के पास भरपूर अवसर हैं। सवाल यह है कि उन्हें कैसे हासिल किया जाए। व्यवसाय करने में आसानी और जीवन जीने में आसानी के लिए सक्षम बुनियादी ढांचे और संयोजकता का विकास करना है एवं सबसे महत्वपूर्ण कौशल विकसित कर लक्ष्य हासिल करना है। बदलती आवश्यकताओं के आधार पर उच्चतम पारिश्रमिक पर आगे बढ़ना है। इस मौके पर हैप्पी थिंकिंग लैबोरेटरी के निदेशक डॉ. एम. प्रियदर्शिनी, काउंसलिंग एंड गाइडेंस सेल की निदेशक डॉ. वैशाली सक्सेना, डॉ. अनूप के भाटिया व डॉ. केया पाण्डेय, प्रो. मधुरिमा प्रधान, डॉ. अमृता श्रीवास्तव, डॉ. अनुपम त्रिपाठी, डॉ. रवि पाण्डेय, डॉ. अर्पणा गोडबोले, डॉ.मेघा सिंह, डॉ. अनुपम श्रीवास्तव समेत अन्य मौजूद रहे।

एलयू में शुक्रवार को एचआर कॉन्क्लेव में मौजूद विशेषज्ञों ने दी जानकारी।

### युवाओं के लिए समय प्रबंधन सीखना जरूरी

डेटा विश्वलेषक शालिनी ने करियर विकल्पों और ट्रेंडिंग करियर विकल्पों, कौशल विकास के लिए विभिन्न आभासी कार्यक्रमों के बारे में बात की। उन्होंने छात्रों को कौशल बढ़ाने और अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया। एचआर प्रोफेशनल कनिका सहाय ने छात्रों के साथ इंटरैक्टिव सत्र लिया। अंबिका तिवारी ने मानसिकता और विकास जैसे प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की। साथ ही खुले दिमाग के दृष्टिकोण के साथ समय प्रबंधन सीखने के बारे में भी बात की।

AMRIT VICHAR PAGE 4

# लविवि में एचआर कॉन्क्लेव का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय एचआर कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र और छात्राओं को रोजगार की नई उभरती सम्भावनाओं से अवगत कराना था। संगोष्ठी में चर्चा का मुख्य विषय कैरियर चॉइसेज अन्वील्ड नैविगेटिंग न्यू होरायजन्स फॉर स्टूडेंट्स एंड एकेदैमिशियंस रहा।

कार्यक्रम में प्रति कुलपति प्रोफेसर अरविंद अवस्थी ने असुरक्षित रोजगार पर बल दिया। कौशल सेट, एनईपी, निवेश सहित अन्य मुद्दों पर प्रकाश डाला। हैप्पी थिंकिंग लैबोरेटरी के निदेशक डॉ. एम प्रियदर्शिनी एवं काउंसलिंग एंड गाइडेंस सेल की निदेशक डॉ. वैशाली सक्सेना ने कार्यक्रम के महत्त्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान नैविगेटिंग एचआर होरायजन्स, सही नेतृत्व, सहयोगात्मक शिक्षण, मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली के नवीनीकरण, सांस्कृतिक समावेश एवं शिक्षण तंत्र के सशक्त तालमेल को भी उजागर किया गया। इस अवसर पर विवि के सभी संकायाध्यक्ष और छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे।

दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि। अमृत विचार

- अडानी फाउंडेशन के सीईओ बोले- बदल रहा कॉर्पोरेट सेक्टर
- इन्वेस्ट यूपी के सीईओ बोले- प्रदेश में बढ़े रोजगार के अवसर

अडानी फाउंडेशन के सीईओ डॉ. अभिषेक लखटकिया ने कहा कि वर्तमान व्यवस्थाएं अस्थिर, अनिश्चित, जटिल और अस्पष्ट हैं। कॉर्पोरेट सेक्टर में सामाजिक जिम्मेदारी बदल रही है। हमें इस बदलाव को अपनाने के लिए कौशल और एक क्रॉस फंक्शनल टीम विकसित करनी होगी। वर्तमान में यूपी में तेजी से बदलाव देखने को मिल रहा है।

**वेबसाइट बनी सहयोगी :** इन्वेस्ट यूपी की वेबसाइट और समुदाय वेबसाइट छात्रों को रोजगार के अवसर तलाशने में मदद कर रही है। यूपी में कई पंजीकृत स्टार्ट अप और उद्यमशीलता कार्यरत हैं, जो रोजगार के अवसर भी सृजित कर रहे हैं। एआई को सकारात्मक तरीके से लेना होगा। निवेश मित्र और निवेश सारथी भी उपयोगी साबित हुए हैं।

### रोजगार के अवसर बढ़े

इन्वेस्ट यूपी के सीईओ अभिषेक प्रकाश ने कहा कि अब यूपी परिवर्तन की प्रक्रिया में है, जहां पिछले कुछ वर्षों में नौकरी के अवसर 16 गुना अधिक हैं। तकनीक, मीडिया, कृषि उद्योग, वास्तुकला, रियल एस्टेट, आतिथ्य, सुपर फील्ड जैसे विविध क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़े हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का क्षेत्र जहां आवश्यक निर्णय लेता है वहां मदद करता है।

## रैंप के सहारे छात्रों ने दिखाईं प्रतिभा

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज द्वारा सांस्कृतिक एक्सट्रावेगैंजा दो का आयोजन किया गया। आईएमएस ने कल्चरल एक्सट्रावेगैंजा दो का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय उपस्थित थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम लखनऊ विश्वविद्यालय के नए परिसर में आयोजित हुआ। इसमें विभिन्न विभागों के छात्रों द्वारा नृत्य, गीत, संगीत और नाटकों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का आयोजन विश्वकर्मा सभागार में किया गया। कार्यक्रम के दौरान लविवि के डीन, विभागों के प्रमुख, संकाय सदस्य, कर्मचारी और नए परिसर के छात्र शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रबंधन, इंजीनियरिंग, कानून, फार्मेसी, योग के छात्रों ने भाग लिया।

लविवि में नियुक्ति पत्र के साथ मृतक आश्रित, साथ में कुलपति व अन्य। अमृत विचार

## लविवि में 11 मृतक आश्रितों को मिला नियुक्ति पत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति ने मृतक आश्रितों को नियुक्त पत्र दिया। पत्र वितरण के दौरान कुल सचिव और चीफ प्रॉक्टर भी मौजूद रहे। लखनऊ विवि के 11 कर्मचारियों की मृत्यु हो चुकी थी। ऐसे में उनके आश्रितों को नियुक्त करना था। व्यवस्था को विस्तार करते हुए शुक्रवार को कुलपति प्रो. एके राय द्वारा नियुक्ति पत्रों का वितरण किया गया। सभी 11 मृतक आश्रितों को विवि में नियुक्ति दी गई। पत्र वितरण के दौरान हुई नियुक्ति में 9 कनिष्ठ सहायक और दो परिचर के पद पर नियुक्त किये गए। इस अवसर पर कुल सचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह, चीफ प्रॉक्टर डॉ. राकेश द्विवेदी, निदेशक आईक्यूएसी प्रो. संगीता साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

## कुलपति ने निर्माणाधीन गेट का जाना हाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** लविवि में निर्माणाधीन गेट और फार्मेसी का निरीक्षण कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने किया। अवलोकन के दौरान दिशा निर्देश अधीनस्थों को दिये गए।

## मृतक आश्रितों को दी गई नौकरी

**लखनऊ।** एलयू के मंथन कक्ष में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने 11 दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को नियुक्ति पत्र सौंपा। इसमें नौ कनिष्ठ सहायक और दो परिचर शामिल हैं। कनिष्ठ सहायकों में नमन पाठक, कपिल सिह, रूबी अनामा, सौरभ कुमार, अक्षत शर्मा समेत कई अन्य नाम शामिल हैं। इस मौके पर कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह, उप कुलसचिव प्रमोद मिश्र, महेश चंद्र शुक्ला समेत अन्य मौजूद रहे।

TOI PAGE 3

# Industry experts share insights at LU HR Conclave

TIMES NEWS NETWORK

**Lucknow:** The CEO of the Adani Foundation, Abhishek Lakhtakia, exhorted students at Lucknow University to develop skills and build cross-functional teams to survive in a volatile, uncertain, complex, and ambiguous (VUCA) world.

At an HR conclave organised by LU's Happy Thinking Laboratory and counseling and guidance cell on Friday, Lakhtakia said, "Stay motivated, build resilience, enhance emotional intelligence, cultivate relationships, be adaptable, and avoid staying in your comfort zone to be successful."

Outlining three key strategies, CEO of Invest UP Abhishek Prakash said, "Prioritise law and order, create diverse investment opportunities, and improve infrastructure for business and living convenience." Data Analyst from Deloitte, Shalini M, spoke about career options and trending career choices. HR manager at a 5-star hotel in Lucknow, Kanika Sahai, had an interactive session with the studenton hospitality aspects and career options in hotel management. Ambika Tiwari, quality analyst at Amazon, Lucknow, spoke about learning time management with an open mind and introduced students to various job opportunities at Amazon.

The HR conclave, said Vaishali Saxena, director of the counseling and guidance cell at LU, offered a bridge between academia and the corporate world.

Adani Foundation CEO Abhishek Lakhtakia at the conclave